DBX-19070201020300 Seat No. ______

# B. R. S. (Sem. II) (CBCS) (WEF-2019) Examination

## July - 2022

## FND-204 : Hindi

*(हिन्दी खंडकाव्य)*

*(New Course)*

Time : $2\frac{1}{2}$ Hours] [Total Marks : **70**

**सूचना :** सूचनानुसार उत्तर दीजिए ।

१ गुप्तजी के जीवन कवन पर प्रकाश डालिए । १५

**अथवा**

१ खंडकाव्य के लक्षणों के आधार पर 'पंचवटी' खंडकाव्य का मूल्यांकन कीजिए । १५

२ सूचनानुसार उत्तर दीजिए : १५

(अ) निम्नांकित मुहावरों के अर्थ दीजिए । (किन्हीं **सात**) ७

(१) जूते चाटना
(२) ईद का चाँद होना
(३) चल बसना
(४) टाँग अड़ाना
(५) अँगुली पर नचाना
(६) पेट में चुहे दौड़ना
(७) उच्चा सुनना
(८) नाक रगड़ना
(९) तरस खाना
(१०) गाँठ बाँधना

(ब) निम्नांकित परिच्छेद का गुजराती में अनुवाद कीजिए : ८

'आज की युवा पीढ़ी पाश्चात्य सभ्यता की ओर आकर्षित हो रही है और उनका अन्धानुकरण कर रही है । परिणाम स्वरूप वे नशीले द्रव्यों के सेवन के भी आदि हो रहे है । आज–कल ये दूषण बड़ी तीव्रता से बढ़ रहा है । इनके सेवन का कारण कुछ भी हो लेकिन इसका परिणाम मानव शरीर की क्षति है । इनका प्रचलन कई नामों से है यथा अफीन, गाँजा, चरस एल.एस.डी, हेरोइन, कोकीन आदि ।

मादक द्रव्यों का सेवन सामाजिक बुराई है, कैंसर की तरह यह भी एक खतरनाक बीमारी है । इनके सेवन से मनुष्य की शारीरिक शक्ति का ह्रास, चरित्र हनन एवं नैतिक पतन होता है । पहले तो लोग शौक–शौक में इनका सेवन शुरु कर देते हैं लेकिन बाद में वे इसके आदि हो जाते हैं और अपना पूरा जीवन ही बरबाद कर लेते हैं ।'

३ निम्नांकित में से किन्हीं तीन की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : १५

(१) 'चारु चन्द्र की चंचल किरणें खेल रही है जल–थल में
स्वच्छ चाँदनी बिछी हुई है अवनि और अम्बर तल में ।'

(२) 'जाग रहा यह कौन धनुर्धर, जबकि भुवनभर सोता है ?
भोगी कुसुमायुध योगी–सा बना दृष्टिगत होता है ।'

(३) 'वह मुख देख, पांडु–सा पड़कर गया चन्द्र पश्चिम की ओर,
लक्ष्मण के मुँह पर भी लज्जा लेने लगी अपूर्व हिंलोर ।'

(४) 'होता यदि राजत्व मात्र ही लक्ष्य हमारे जीवन का ?
तो क्यों अपने पूर्वज, उसको छोड़ मार्ग लेते वन का ?'

(५) 'कोई पास न रहने पर भी जन–मन मौन नहीं रहता ।
आप आपकी सुनता है पर आप आपसे है कहता ॥'

४ 'पंचवटी' के नायक लक्ष्मण का चरित्र–चित्रण कीजिए । १५

**अथवा**

४ 'पंचवटी' खंडकाव्य के मूल स्त्रोत एवं कवि द्वारा किये गये परिवर्तनों पर प्रकाश डालिए । १५

५ 'पंचवटी' खंडकाव्य का कथानक अपने शब्दों में लिखिए । १०

**अथवा**

५ 'पंचवटी' खंडकाव्य में व्यक्त प्रकृति चित्रण पर प्रकाश डालिए । १०

---